झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

23 Aug 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107


## 23 अगस्त का इतिहास

- **1875 :** स्वतंत्रता सेनानी एवं चंपारण सत्याग्रह के प्रमुख लोगों में से एक राजकुमार शुक्ल का जन्म हुआ।
- **1918 :** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मराठी कवि गोविंद विनायक करंदीकर (विंदा करंदीकर) का जन्म हुआ।
- **1939 :** तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- **1994 :** भारत की प्रसिद्ध महिला तैराक आरती साहा का निधन हुआ।
- **1947 :** वल्लभभाई पटेल भारत के उप-प्रधानमंत्री बनें।

## 23 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 2031 तक फरीदाबाद स्मार्ट सिटी के लिए अनुमानित जल आपूर्ति अंतर को दूर करने के लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड और फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यमुना बाढ़ के मैदानों में भूजल संसाधनों के सतत विकास के माध्यम से शहर की जल आपूर्ति को बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस समझौता ज्ञापन के दायरे में यमुना बाढ़ के मैदानों में भूजल क्षमता ओर गुणवता का आकलन करने के लिए एक व्यापक अध्ययन शामिल हैं। इस अध्ययन के परिणामस्वरूप एक व्यापक भूजल प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी।
- ब्रिक्स देशों ने संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन के सहयोग से औद्योगिक दक्षता केंद्र का शुभारंभ किया। यह औद्योगिक कौशल और क्षमताओं के विकास का समर्थन करेगा। यह केंद्र नई औद्योगिक क्रांति के ढांचे के भीतर साझेदारी को बढ़ावा देगा। यह तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य में हितों, चुनौतियों और अवसरों की पहचान करेगा। यह केंद्र अपने सदस्यों के औद्योगिक कौशल को विकसित करने में मदद करेगा। यूएई उद्योग और उन्नत प्रोद्योगिक कोशल को विकसित करने में मदद करेगा।
- केंद्र सरकार ने भारत अपतटीय क्षेत्रों में खनिज अन्वेषण और उत्पादन की देखरेख के लिए अपतटीय क्षेत्र खनिज ट्रस्ट नियम 2024 जारी किए। नए नियमों के अनुसार अपतटीय खदान धारकों को सरकार को अपने रॉयल्टी भुगतान का 10 प्रतिशत ट्रस्ट में योगदान देना होगा। यह राशि भारत के सार्वजनिक खाते में जमा की जाएगी। नियमों में निर्माण ग्रेड सिलिका रेत, गैर निर्माण ग्रेड कैल्केरियस रेत, कैल्केरियस मिट्टी, फॉस्फेटिक तलछट आदि सहित विभिन्न जमा और खनिजों के लिए विशिष्ट अन्वेषण मानदंड भी निर्धारित किए गए है।
- केंद्र सरकार ने आयुष पैकेज को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शामिल करने का फैसला किया हैं। पैकेज डिजाइन, अस्पताल ऑनबोर्डिंग, उपचार दिशानिर्देश, परिणाम और वितीय निहितार्थ चर्चा के अधीन हैं। एबी पीएम जेएवाई माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी हैं। इन परियोजनाओं में तीन प्रमुख मेट्रो रेल परियोजनाओं के साथ-साथ भारत भर में दो नए हवाई अड्डे की सुविधाएं शामिल हैं। बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना के तीसरे चरण को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी हैं। 2029 में पूरा होने पर बेंगलुरू के मेट्रो नेटवर्क की लंबाई 220.20 किलोमीटर होगी। स्वर्गेट से कटराज भूमिगत विस्तार का पहला चरण रणनीतिक रूप से पुणे की मेट्रो प्रणाली का विस्तार करेगा।
- संसद टीवी के सीईओ राजित पुन्हानी, प्रसार भारती के सीईओ गोरव द्विवेदी ओर दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन से संसाधनों को साझा करने, कर्मियों को प्रशिक्षण देने और एक दूसरे के कार्यक्रमों को क्रॉस चैनल बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सामग्री ओर कार्यक्रमों को साझा करना, प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्मो पर संसद टीवी का प्रसारण करना और प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग करना है। वे मानव संसाधन, प्रौद्योगिकी ओर उपकरण भी साझा करेंगे।
- भारत ने वर्चुअल प्रारूप में तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इस शिखर सम्मेलन का विषय एक सतत भविष्य के लिए सशक्त वैश्विक दक्षिण था। वैश्विक दक्षिण शिखर सम्मेलन ने दुनिया को प्रभावित करने वाली विभिन्न जटिल चुनौतियों, जैसे संघर्ष खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट और जलवायु परिवर्तन पर पिछले शिखर सम्मेलनों में हुई चर्चाओं को विस्तारित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया है।
- केंद्र ने कृषि डिसिशन सपोर्ट सिस्टम पोर्टल का अनावरण किया, जो एक उपग्रह आधारित भू-स्थानिक मंच हैं। यह मंच किसानों को मौसम, भूजल स्तर, मृदा स्वास्थ्य, जलाशय भंडारण स्तर आदि के बारे में जानकारी प्रदान करेगा और इसमें उपग्रह चित्रों जैसे डेटा भी शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित पोर्टल का शुभारंभ किया। कृषि मंत्रालय द्वारा भारत में कृषि परिवर्तन के लिए अंतरिक्ष संचालित समाधान पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कृषि डीएसएस का शुभारंभ किया गया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. दास व्यापार ओर उसके उन्मूलन की याद के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 20 अगस्त (B) 21 अगस्त

(C) 22 अगस्त (D) 23 अगस्त

**(D)** दास व्यापार और उसके उन्मूलन की याद के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 23 अगस्त को मनाया जाता है ताकि सभी लोगों को दास व्यापार की त्रासदी की याद दिलाई जा सके, जो कि ट्रान्साटलांटिक दास व्यापार की त्रासदी के बारे में हैं। यह दास व्यापार के ऐतिहासिक कारणों और परिणामों के बारे में सोचने का अवसर प्रदान करता है।




**2. स्टालिनवाद और नाजीवाद के पीड़ितों के लिए यूरोपीय स्मरण दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 22 दिवस (B) 23 दिवस

(C) 24 दिवस (D) 25 दिवस

**(B)** स्टालिनवाद ओर नाजीवाद के पीड़ितों के लिय यूरोपीय स्मरण दिवस हर साल 23 अगस्त को अधिनायकवादी शासनों के पीड़ितों की याद में मनाया जाता है। मुख्य रूप से साम्यवाद, फासीवाद, नाजीवाद आदि। इसे कुछ देशों में ब्लैक रिबन डे के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन चरमपंथ, असहिष्णुता और उत्पीडन की अस्वीकृति का भी प्रतीक हैं।



**3. हाल ही में भारत और किस देश के बीच 2+2 बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई?**

(A) चीन (B) अमेरिका

(C) श्रीलंका (D) जापान

**(D)** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर रक्षा मंत्री ओर विदेश मंत्री नई दिल्ली में तीसरी 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए जापान के रक्षा किहारा मिनोरू ओर विदेश मंत्री सुश्री योको कामिकावा की मेजबानी की। 2+2 वार्ता के दोरान श्री राजनाथ सिंह जापान के रक्षा मंत्री श्री किहारा मिनोरू के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।




**4. हाल ही में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में किसने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है ?**

(A) ऋभष शेट्टी (B) राहुल नवीन

(C) शुभम शुक्ला (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी गई हैं। अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म कंतारा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया। नित्या को तमिल फिल्म थिरूचित्रम्बलम में उनकी भूमिका के लिए सम्मान मिला, जबकि मानसी ने गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस के लिए पुरस्कार जीता।



**5. हाल ही में भारत में कितने नए सामसर साइट्स की घोषणा की गई है ?**

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

**(C)** हाल ही में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि भारत ने रामसर साइट्स नेटवर्क में तीन और साइटें जोडी है। इसके साथ ही भारत में रामसर साइट्स की संख्या बढ़कर 85 हो गई है, तमिलनाडु में नंजरायन पक्षी अभयारण्य और काजुवेली पक्षी अभ्यारण्य ओर मध्यप्रदेश में तवा जलाशय को इस लिस्ट में जोड़ा गया है।

**6. हाल ही में किसने किसान से संवाद के किए किसान की बात रेडियो कार्यक्रम लांच किया है ?**

(A) शिवराज सिंह चौहान (B) नरेंद्र मोदी
(C) एस जयशंकर (D) अमित शाह

**(A)** हाल ही में किसानों से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने के लिए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान से बात नाम का एक मासिक रेडियो कार्यक्रम लॉन्च किया है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात से प्रेरित है। इसका उद्देश्य किसानों को मंत्री, कृषि वैज्ञानिकों और मंत्रालय के अधिकारियों से बातचीत करने का मौका देना है।



**7. हाल ही में भारत और किस देश ने समुद्री सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की हैं ?**

(A) श्रीलंका (B) मालदीव
(C) जापान (D) वियतनाम

**(D)** हाल ही में भारत और वियतनाम ने एक महत्वपूर्ण वार्ता की जिसमें दोनों पक्षो ने समुद्री सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साझा उद्देश्यों के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंचों पर सहयोग करने के उपायों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चौथी भारत वियतनाम समुद्री सुरक्षा वार्ता वियतनाम की राजधानी हनोई में आयोजित की गई।



**8. हाल ही में उत्तर भारत की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना कहां शुरू हुई है?**

(A) इंदौर (B) ओंमकारेश्वर
(C) ग्वालियर (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर में 90 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन करने वाली मध्य ओर उत्तर भारत की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना चालू हो गई है। यह जानकारी राज्य के एक मंत्री ने दी। राज्य के अक्षय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने एक बयान में कहा कि 646 करोड़ रूपये की लागत वाली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना चालू हो गई है।



**9. हाल ही में कौन यस बैंक में रिटेल हेड के रूप में शामिल हुए हैं ?**

(A) सुमित बाली (B) नलिन प्रभात
(C) मनोज मित्तल (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में एक्सिस बैंक के पूर्व रिटेल लेडिंग एग्जीक्यूटिव सुमित बाली इस महीने के अंत में निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता के रिटेल हेड के रूप में यस बैंक में शामिल होने वाले हैं। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि बाली बैंक में शामिल होंगे और यस बैंक के कार्यकारी निदेशक राजन पेंटल को रिपोर्ट करेंगे।

YES BANK

**10. हाल ही में भारत ओर किस देश ने जल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने के लिए समझौता किया हैं ?**

(A) चीन (B) श्रीलंका
(C) इजराइल (D) रूस

**(C)** भारत और इजराइल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में एक नए जल प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना के लिए समझौता किया है। केंद्र द्वारा सभी के लिए सतत जल आपूर्ति प्राप्त करने के भारत के प्रयासों में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में कार्य करने की उम्मीद हैं। भारत स्थित इजराइल दूतावास ने एक बयान में इस समझौते को एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

